लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का वियतनाम और कम्बोडिया का दौरा

...

वियतनाम में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल वियतनाम के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के महासचिव से मुलाक़ात करेगा

...

कम्बोडिया में शिष्टमंडल कम्बोडिया के राजा से औपचारिक रूप से भेंट करेगा और कम्बोडिया की नेशनल असेम्बली के प्रेसिडेंट और कम्बोडिया की सीनेट के प्रेसिडेंट से मुलाक़ात करेगा

...

नई दिल्ली, 18 अप्रैल 2022: सोशलिस्ट रिपब्लिक ऑफ़ वियतनाम की नेशनल असेम्बली के चेयरमैन और कम्बोडिया के किंगडम की नेशनल असेम्बली के प्रेसिडेंट के आमंत्रण पर भारतीय संसदीय शिष्टमंडल क्रमशः 19 से 21 अप्रैल और 22 से 24 अप्रैल के दौरान माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में वियतनाम और कम्बोडिया का दौरा करेगा। वियतनाम जा रहे शिष्टमंडल में संसद सदस्य श्री सी.पी. जोशी, श्रीमती रीति पाठक, श्री राहुल रमेश शेवाले, श्रीमती रजनी पाटिल, श्री हरनाथ सिंह यादव और श्री मितेश रमेशभाई पटेल शामिल हैं।

वियतनाम का यह दौरा बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत और वियतनाम के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के स्वर्ण जयन्ती वर्ष के दौरान यह भारत से वहां जाने वाला पहला उच्च-स्तरीय शिष्टमंडल है।

इस दौरे के दौरान, नेशनल असेम्बली के चेयरमैन के साथ द्विपक्षीय वार्ता करने के अलावा शिष्टमंडल के सदस्य वियतनाम के प्रेसिडेंट, महामहिम नुएन सुवन फुक; वियतनाम के प्राइम मिनिस्टर, महामहिम फाम मिंग चिंग ; और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ़ वियतनाम के जनरल सेक्रेटरी, महामहिम नूयेन फू चौंग से भी भेंट करेंगे। वियतनाम की यात्रा के दौरान शिष्टमंडल के सदस्य क्वांग निह प्रोविंस और हो ची मिन्ह शहर भी जाएंगे और वहां गण्यमान्य व्यक्तियों से भेंट करेंगे तथा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों को देखने जाएंगे। शिष्टमंडल के सदस्य हनोई और हो ची मिन्ह शहर में भारतीय समुदाय के लोगों से भी भेंट कर उनसे बातचीत करेंगे।

कम्बोडिया जाने वाले शिष्टमंडल में संसद सदस्य श्री रवनीत सिंह, सुश्री सरोज पाण्डे, श्रीमती लॉकेट चटर्जी, श्रीमती शर्मिष्ठा कुमारी सेठी और डॉ. शांतनु सेन शामिल हैं। कम्बोडिया में माननीय लोक सभा अध्यक्ष अपने मेजबान, नेशनल असेम्बली के प्रेसिडेंट, महामहिम हेंग समरीन के साथ शिष्टमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। शिष्टमंडल के सदस्य सीनेट ऑफ़ कम्बोडिया के प्रेसिडेंट, महामहिम से छुम से भी मुलाकात करेंगे और कम्बोडिया के महाराज, सम्राट परीह बाट साम्देच परीह बोर्म्नीथ नोरोदोम सिहामोनी से औपचारिक भेंट करेंगे। शिष्टमंडल के सदस्य नोम पेन और सिएम रीप में सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व के स्थलों का भी दौरा करेंगे। द्विपक्षीय स्तर की वार्ता हेतु कम्बोडिया जाने वाला यह पहला भारतीय संसदीय शिष्टमंडल है।

लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और शिष्टमंडल के सचिव के रूप में संयुक्त सचिव, डॉ. अजय कुमार भी इस शिष्टमंडल में शामिल हैं।

माननीय लोक सभा अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल सोमवार, 18 अप्रैल, 2022 को नई दिल्ली से वियतनाम के लिए रवाना होगा।